**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**29.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**आग्रह**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार से प्रदेश में एक सौ 50 स्वचालित मौसम केन्द्र और किन्नौर में एक डॉपलर वैदर रडॉर स्थापित करने का आग्रह किया है। उन्होंने नई दिल्ली में केन्द्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह से भेंट के दौरान ये मांग रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिकं परिस्थिति, उष्मीकरण और मौसम में बदलाव के चलते प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस कारण राज्य में व्यापक स्तर पर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वचालित मौसम केन्द्र और एक डॉपलर वैदर रडॉर स्थापित होने से आपदा की अग्रिम चेतावनी का लाभ मिल सकेगा।

.........................................................

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से कुल्लू और चम्बा जिलों के आपदा प्रभावितों के लिए आवश्यक राहत सामग्री से भरे दो वाहनों को रवाना किया। राहत सामग्री में तिरपाल, कम्बल सहित अन्य आवश्यक सामान शामिल है। राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी आपदा प्रभावितों को समय पर सहायता प्रदान करने में सराहनीय भूमिका निभा रही है।

.........................................................

**प्रधानमंत्री – कैबिनेट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के किसानों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2025–26 की रबी की फसलों के लिए फास्फोरस और पोटाश उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी देकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल अन्नदाताओं को सस्ती दर पर उर्वरक उपलब्ध होंगे, बल्कि उनकी आय भी बढ़ेगी।

.........................................................

**जीएसटी सुधार–पर्यटन क्षेत्र**

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। जीएसटी की कम दरों से पर्यटन क्षेत्र पर नागरिकों को मिल रहे लाभ पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट......

........................................................

**ई–विधान**

संसदीय कार्य मंत्रालय कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय ई–विधान एप्लीकेशन–नेवा पर तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने बताया कि यह सम्मेलन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नेवा के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में शेष सभी विधान सभाओं को नेवा प्लेटफॉर्म पर लाने में तेजी लाने के लिए परिचालन और तकनीकी मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

........................................................

**जागरूकता**

कांगड़ा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा समर्थ कार्यक्रम के तहत आज धर्मशाला में आपदा जागरूकता मार्च आयोजित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन का सबसे पहला कदम आत्म जागरूकता है और जब हम सजग व तैयार रहेंगे तभी समाज को भी जागरूक बना पाएंगे।

........................................................